

# डबरा में नवग्रह शक्तिपीठ के समारोह में शामिल हुए सीएम

**भोपाल, 15 फरवरी. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को ग्वालियर जिले के डबरा में नवग्रह शक्तिपीठ के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में सहभागिता की. महाशिवरात्रि के अवसर पर नवग्रह शक्तिपीठ परिसर - ओम नमः शिवाय- से गूंज उठा. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नवग्रह मंदिर में दर्शन कर प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि की कामना की.**

इस अवसर पर पूर्व गृह मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ नरोत्तम मिश्रा, प्रदेश भाजपा के पूर्व अध्यक्ष एवं सांसद विष्णुदत्त शर्मा के अलावा अनेक जनप्रतिनिधि भी मौजूद थे.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि डबरा में निर्मित यह नवग्रह शक्तिपीठ एक अद्भुत धाम है. उन्होंने राज्य सरकार की ओर से सभी का अभिनंदन करते हुए महाशिवरात्रि पर्व की उपस्थितजन को बधाई दी. उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर डबरा के शक्तिपीठ में उपस्थित होना सौभागय का विषय है. उन्होंने कहा कि डॉ. नरोत्तम मिश्रा द्वारा इस नवग्रह शक्तिपीठ का निर्माण कराया जाना एक अद्भुत और प्रेरणादायी संकल्प को साकार करना है.

डॉ. यादव ने इस मौके पर मौजूद कवि कुमार विश्वास का अभिदनंदन करते हुए कहा कि उन पर मां सरस्वती की कृपा सदैव बरसती है. वे समाज को प्रेरणा देने का कार्य कर रहे हैं.

मुख्यमंत्री ने भगवान श्रीराम द्वारा वनवास प्रसंग का उल्लेख करते हुए कहा कि इतना समृद्ध राज्य छोड़कर संसाधनों के अभाव में भी दो राजकुमारों द्वारा रामराज्य का स्वप्न देखने की घटना साहस, धैर्य और आदर्श का प्रतीक है. उन्होंने कहा कि भगवान राम द्वारा स्वयंवर के समय विराट रूप के दर्शन करवाए गये, जिसके साक्षी दुनिया के अनेक शासक भी थे.

### शक्तिपीठ के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह

निश्चित ही यह प्रसंग युवा शक्ति के समाजहित में उपयोग की दृष्टि से भी अध्ययन और शोध का विषय है. पूर्व मंत्री डॉ. मिश्रा ने नवग्रह शक्तिपीठ के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. यादव और अन्य अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि डबरा में इस प्रकल्प के पूर्ण होने और संतों के समागम का अवसर सौभाग्य की बात है. डॉ. मिश्रा ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव और अन्य अतिथियों को साफा बांधकर और अंगवस्त्र भेंट कर उनका सम्मान भी किया.

## पिपलिया फोरलेन पर दो दर्दनाक हादसे

**पिपलिया.** महू-नीमच हाईवे पर दो अलग-अलग सड़क हादसों ने क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया. पहले हादसे में तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार दम्पत्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे हादसे में अज्ञात ट्रक की टक्कर से महिला सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. दोनों ही मामलों में वाहन चालक हादसे के बाद फरार हो गए. पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. रविवार दोपहर करीब तीन बजे पिपलिया चौपाटी से आगे 'रोड़ के राजा स्थान' के समीप फोरलेन पर यह दर्दनाक हादसा हुआ. पिपलिया जोधा निवासी दिनेश जैन अपनी पत्नी विमलाबाई के साथ मोटरसाइकिल से कहीं जा रहे थे. दोनों की हादसे में मौत हो गयी.

# कार्यकर्ताओं ने भाजपा को बुलंदियों तक पहुंचाया

## जनप्रतिनिधियों ने कहा-एमपी की बेहतर योजनाओं को केरल में करेंगे लागू

**भोपाल, 15 फरवरी. भारतीय जनता पार्टी के ''भाजपा फॉर विकसित केरलम' ' कार्यक्रम के तहत केरल के निकायों के जनप्रतिनिधियों का मध्यप्रदेश के दो दिवसीय प्रवास के दूसरे दिन रविवार को भोपाल में 11 सदस्यीय और ग्वालियर में 13 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल ने विभिन्न स्थानों का भ्रमण कर योजनाओं का अवलोकन किया.**

भोपाल के प्रतिनिधि मंडल ने लोकभवन पहुंचकर राज्यपाल मंगुभाई पटेल से भी मुलाकात कर संवाद किया. मध्यप्रदेश विधानसभा का भ्रमण करने पहुंचे जनप्रतिनिधियों से विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने मध्यप्रदेश के संगठन को बुलंदी तक पहुंचाया है. नगरीय विकास विभाग की योजनाओं का भ्रमण और अवलोकन के पश्चात् जनप्रतिनिधियों ने कहा कि मध्यप्रदेश में नगरीय विकास की कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं. योजनाओं और नवाचारों को बारीकी से समझा और देखा है. केरल के निकायों में भी ऐसी योजनाओं को लागू कराया जाएगा.



ग्वालियर में पहुंचे केरल के निकायों के जनप्रतिनिधियों ने भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के कमल सिंह का बाड़ा स्थित आवास पर श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया. इसके बाद उन्होंने मोतीमहल, अत्याधुनिक कंट्रोल एंड कमांड सेंटर, नगर निगम परिषद का अवलोकन कर स्मार्ट सिटी परियोजनाओं, नगर निगम के कार्यों की जानकारी प्राप्त की. बालभवन स्थित कार्यालय में जनप्रतिनिधियों से संवाद कार्यक्रम में नगरीय विकास की कार्यप्रणाली की जानकारी प्राप्त की.

# श्रद्धालुओं से भरा आटो पलटा 10 से अधिक लोग घायल

### भोलेनाथ के मंदिर जा रहे थे सभी श्रद्धालु

**सीधी, 15 फरवरी. शहर के पड़रा बाईपास मार्ग में आज दोपहर श्रद्धालुओं से भरी एक आटो के अनियंत्रित होकर पलटने से दर्जनभर लोग घायल हो गये. यह श्रद्धालु महाशिवरात्रि पर पूजा अर्चना करने हनुमानगढ़ से जोबा शिव मंदिर जा रहे थे. ऑटो पड़रा बाईपास पर अनियंत्रित होकर पलट गया.**

इस हादसे में एक यात्री की हालत गंभीर बताई जा रही है. घटना रविवार दोपहर 1 बजे की है. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एक ट्रक से बचने की कोशिश में हादसा हुआ. ऑटो चालक ने ट्रक से बचने के लिए वाहन को पटरी के नीचे उतारा, जहां वह सड़क किनारे पड़े एक पत्थर से टकराकर पलट गया. हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत घायलों को ऑटो से बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी. पुलिस ने मौके पर पहुंचकर राहत कार्य शुरू किया. ऑटो में सवार सभी 12 लोग ग्राम हनुमानगढ़ के निवासी थे और जोबा के पास स्थित भगवान भोलेनाथ के मंदिर में दर्शन के लिए जा रहे थे. घायलों में सीमा गोस्वामी, प्रिया गोस्वामी, कुसुम कली, प्रेमवती, राजकुमारी, सुधा, भगवानदीन, रेशमी, अनुष्का गोस्वामी, कीर्ति गोस्वामी सहित दो अन्य शामिल हैं.

# एआई और डीप-टेक नवाचारों का प्रदर्शन

## इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट-2026 में होगा प्रदर्शन

**भोपाल, 15 फरवरी. इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट-2026 का आयोजन 16 से 20 फरवरी 2026 तक भारत मंडपम, नई दिल्ली में किया जाएगा. समिट में प्रदेश का विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग "मध्यप्रदेश पैवेलियन" स्थापित कर राज्य का प्रतिनिधित्व करेगा.**

### नई दिल्ली के भारत मंडपम में सजेगा 'मध्यप्रदेश पैवेलियन'

### स्वास्थ्य, कृषि प्रबंधन में एआई समाधान होंगे प्रस्तुत

प्रदर्शनी हॉल-4, प्रथम तल, बूथ क्रमांक 4F32 एवं 4F34 में प्रतिदिन सुबह 10 बजे से सायं 6 बजे तक आयोजित होगी. मध्यप्रदेश पैवेलियन में एआई-सक्षम शासन मॉडल, डीप-टेक नवाचारों और स्टार्टअप आधारित समाधानों का व्यापक प्रदर्शन किया जाएगा. यह सहभागिता 15 जनवरी 2026 को भोपाल में आयोजित रीजनल एआई इम्पैक्ट कॉन्फ्रेंस के बाद हो रही है, जहाँ प्रदेश ने शासन, स्वास्थ्य, कृषि, ग्रामीण विकास, शहरी तंत्र और औद्योगिक स्वचालन जैसे क्षेत्रों में एआई के प्रभावी उपयोग का प्रदर्शन किया था. समिट में प्रदेश के चार प्रमुख शासकीय विभागों द्वारा एआई के व्यावहारिक उपयोग प्रस्तुत किए जाएंगे. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा टीबी जोखिम पूर्वानुमान के लिए पीएटीओ, एआई आधारित मल्टीमॉडल टीबी स्क्रीनिंग के लिए सीएटीबी, मातृ एवं नवजात स्वास्थ्य के लिए संवादात्मक एआई आधारित सुमन सखी और शासकीय अस्पतालों में निदान दक्षता बढ़ाने के लिए एआई-सहायित रेडियोलॉजी निर्णय समर्थन पायलट प्रदर्शित किया जाएगा. पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मनरेगा के लिए एआई-चालित जिला प्रदर्शन प्रतिवेदन प्रणाली प्रस्तुत करेगा, जो लाइव एपीआई डेटा को केपीआई बेंचमार्किंग, अपवाद पहचान और ब्लॉक एवं पंचायत स्तर तक एआई-जनित अंतर्दृष्टियों में परिवर्तित कर जमीनी स्तर पर योजना निर्माण और पारदर्शिता को सुदृढ़ बनाती है.

# मोरवा पुलिस की बड़ी कार्रवाई

### 15 साल से फरार स्थायी वारंटी सहित दुराचार का सहआरोपी गिरफ्तार



नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 15 फरवरी। जिले के मोरवा थाना पुलिस ने फरार आरोपियों की धरपकड़ अभियान के तहत बीते दिन शुक्रवार को दो अहम गिरफ्तारियां की।**

पुलिस ने मारपीट व अवैध हथियार रखने के मामले में करीब 15 वर्षों से फरार चल रहे स्थायी वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। वहीं सामूहिक दुराचार प्रकरण के सहआरोपी को भी दबोचने में सफलता हासिल की है। जानकारी के अनुसार एसपी मनीष खत्री के निर्देश पर फरार वारंटियों की तामीली के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत मोरवा थाना प्रभारी निरीक्षक कपूर त्रिपाठी को सूचना मिली कि वारंटी सतीश भुजवा पिता रमेश भुजवा उम्र 30 वर्ष निवासी सर्किट हाउस रोड मेढ़ौली क्षेत्र में देखा गया है। सूचना के आधार पर एएसपी सर्वप्रिय सिन्हा एवं एसडीओपी गौरव पाण्डेय के मार्गदर्शन में गठित पुलिस टीम ने घेराबंदी कर देर शाम आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को पुलिस अभिरक्षा में न्यायालय में पेश किया गयाए जहां से अग्रिम कार्रवाई की गई। इसी क्रम में जनवरी माह में ग्राम चकरिया में महिला के घर में घुसकर सामूहिक दुराचार करने के मामले में फरार चल रहे सहआरोपी राम सिंह पिता बसंत लाल सिंह उम्र 29 वर्ष निवासी चकरिया को भी पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार किया। आरोपी ने अपने सहयोगी राजेंद्र उर्फरजिन्दर सिंह गोड़ के साथ मिलकर घटना को अंजाम देने का आरोप है। इस मामले में प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही थी। मुख्य आरोपी राजेंद्र सिंह को पूर्व में ही गिरफ्तार किया जा चुका है। दोनों आरोपियों को शनिवार को न्यायालय में पेश किया गया। मोरवा पुलिस की इस कार्रवाई को क्षेत्र में कानून व्यवस्था के प्रति सख्त संदेश के रूप में देखा जा रहा है। उक्त दोनों कार्यवाहियों में उपनिरीक्षक एनपी तिवारी, सहायक उपनिरीक्षक गुलाब बहरोलिया, संतोष सिंह, संजीत सिंह, प्रआर श्याम सुंदर वैश्य,आर राहुल साहू, राकेश यादव, संजीव,आकाश की सराहनीय भूमिका रही है।

# रिलाइबिल्टी टीम ने 5 विकेट से पराजित कर ट्रॉफी पर किया कब्जा

## हिंडालको रेनुसागर में वैल्यूज मंथ के तहत कैनवास बॉल क्रिकेट मैच का आयोजन

नवभारत न्यूज

**अनपरा 15 फरवरी। हिंडालको रेनुसागर के तत्वावधान में आयोजित वैल्यूज मंथ कार्यक्रमों की श्रृंखला में यूनिट हेड आरपी सिंह के मार्गदर्शन में आदित्य बिड़ला इण्टरमीडिएट कालेज के प्रांगण में देर शाम कैनवास बॉल क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया।**




फाइनल मुकाबले में रिलाइबिल्टी की टीम ने कड़े संघर्ष के बाद फ्यूचर लीडर्स को 5 विकेट से पराजित कर ट्रॉफी अपने नाम कर ली। फाइनल मैच फ्यूचर लीडर्स एवं रिलाइबिल्टी की टीमों के बीच खेला गया। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने खेल भावना,अनुशासन और टीमवर्क का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। टॉस जीतकर फ्यूचर लीडर्स ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। टीम की ओर से राजकुमार ने दो छक्कों की मदद से सर्वाधिक अपने टीम के लिये 26 रन बनाए जबकि इमरान सीनियर ने 13 रन और गौरीशंकर ने 12 रनों का योगदान दिया। निर्धारित 15 ओवर में फ्यूचर लीडर्स ने 9 विकेट खोकर 94 रन का लक्ष्य रखा। रिलाइबिल्टी की ओर से दीपक लाल ने शानदार गेंदबाजी करते हुए महत्वपूर्ण 3 विकेट लिए जबकि आनंद और प्रियांशु ने दो-दो विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रिलाइबिल्टी टीम ने सधे हुए अंदाज में बल्लेबाजी की। अनुराग तोमर ने तीन छक्के 2 चौके की मदद से अपने टीम के लिये सर्वाधिक 43 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली और मनोरंजन सिंह ने 13 रन जोड़े। रिलाइबिल्टी टीम ने 13वें ओवर की तीसरी गेंद पर अनुराग तोमर चौका लगाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। इस तरह रिलाइबिल्टी टीम 5 विकेट से विजयी रही। फ्यूचर लीडर्स की ओर से इमरान सीनियर ने 3 विकेट लिए। इस अवसर पर रेनुसागर के हेड एचआर आशीष पांडेय ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे कार्यक्रमों का उद्देश्य कर्मचारियों और युवाओं के बीच समन्वय, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और मानवीय मूल्यों के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिकारी संजय श्रीमाली, अरविंद सिंह, संदीप यावले, ब्रजेश कुमार बर्मा, डॉ. मुकुल बिंदा तथा कॉलेज के प्रधानाचार्य ब्रजेश कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में रोहित सक्सेना,राजेश राय, अलिंद तिवारी, सदानंद पांडेय, देवेंद्र त्रिपाठी एवं देवेंद्र राय का विशेष सहयोग रहा। मैच का आंखों देखा हाल रोहित सक्सेना एवं सदानंद पांडेय ने संयुक्त रूप से प्रस्तुत किया। अंपायर की भूमिका बीएल पाठक एवं एके राय ने निभाई। अंत में ब्रजेश कुमार बर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम Balwinder Singh जो कि मेरे पासपोर्ट में दर्ज है। किंतु अब मेरा नाम परिवर्तित होकर Balwinder Singh Saini हो गया है। अत: अब मुझे मेरे सही नाम Balwinder Singh Saini से ही जाना व पहचाना जाए । Address MQ 465, Amlori Project, DIST: Singrauli, Madhya Pradesh - 486887

## इंस्टाग्राम रील के झांसे में फंसा युवक, 9 .20 लाख की साइबर ठगी

**इंदौर.** बेटमा थाना क्षेत्र के ग्राम बगौदा में रहने वाले 38 वर्षीय अरुण शर्मा के साथ सोशल मीडिया पर लालच देकर बड़ी ठगी का मामला सामने आया है. फरियादी ने पुलिस को बताया कि उसने इंस्ट्राग्राम पर एक रील देखी थी, जिसमें 5 रुपये के पुराने नोट के बदले लाखों रुपये देने का दावा किया था. रील में दिए गए नंबर पर संपर्क करने पर अज्ञात आरोपियों ने 35 लाख रुपये दिलाने का झांसा दिया और अलग-अलग प्रक्रियाओं के नाम पर उससे 9 लाख 20 हजार 150 रुपये ठग लिए. पुलिस ने बीएनएस व आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर साइबर ठगों की तलाश शुरू की.

# डायल 112 ने आत्महत्या को किया विफल

### आत्महत्या का प्रयास कर रहे व्यक्ति की बचा ली जान

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 15 फरवरी. मध्यप्रदेश पुलिस की डायल-112 आपातकालीन सेवा टीम ने त्वरित और साहसिक कार्रवाई करते हुए पारिवारिक विवाद के चलते आत्महत्या का प्रयास कर रहे एक व्यक्ति की जान बचा ली.**



यह घटना 14 फरवरी को दोपहर लगभग 3-25 बजे की है, जब राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112 भोपाल को सूचना प्राप्त हुई कि थाना हिंडोरिया क्षेत्र के ग्राम आनू स्कूल के पास एक व्यक्ति ने खुद को घर के अंदर बंद कर फांसी लगाने का प्रयास किया है.

सूचना मिलते ही थाना हिंडोरिया में तैनात डायल-112 एफआरव्ही वाहन को तुरंत मौके के लिए रवाना किया गया. आरक्षक चंद्रकांत पाण्डेय एवं पायलट आशीष अहिरवार ने मौके पर पहुंचकर बिना देर किए घर का गेट तोड़ा और फांसी के फंदे से व्यक्ति को नीचे उतार लिया. इसके बाद उसे आवश्यक प्राथमिक उपचार प्रदान कर सुरक्षित परिजनों के सुपुर्द किया गया.

डायल-112 टीम की संवेदनशील और त्वरित कार्रवाई से एक बड़ी त्रासदी टल गई. यह घटना दर्शाती है कि मध्यप्रदेश पुलिस संकट की घड़ी में आमजन की सुरक्षा हेतु सदैव तत्पर है.

## कार्यालय अधीक्षण अभियंता ( संचा0 / संधा0 ) वृत्त म0प्र0पू0क्षे0वि0वि0कं0 लिमि0, सिंगरौली

विद्युद् ब्रह्मोति

E-mail- sconmsingrauli@gmail.com Phone - 07805-350260

क्र0/अ0अभि0 /सं0सं0 / टेण्डर / क्रय / 3673 — सिंगरौली दिनांक 14.2.2026

### -: निविदा सूचना :-

संचा. / संधा. वृत्त सिंगरौली के अन्तर्गत Empanelment of contractors to Award of Contract for up-gradation/Renovation of existing 33/11kV Outdoor Substation having PTRs of 3.15 MVA/5MVA/ 8MVA constructed under different schemes in O&M Circle Singrauli. आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण निम्नानुसार है-

| Sr. No | Tender Specification No | Particular of work | Approx Value ( Rs. in Lakhs) | Tender Fee (in Rs) | Due date & time of opening of tender online |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | TS NO.SE/O&M/ SGRL /Pur/3664 Dtd. 13-02-2026 (e-Tender No. 2026_PKVVC _4826 77_1) | Empanelment of contractors to Award of Contract for up-gradation/Renovation of existing 33/11kV Outdoor Substation having PTRs of 3.15 MVA/5MVA/ 8MVA constructed under different schemes in O&M Circle Singrauli. | 24.50 Lakhs. | 500+ GST | 05-03-2026 |

** SAVE TREES, SAVE PAPER, SAVE ELECTRICITY**

अधीक्षण अभियंता ( संचा./संधा. )
म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं.लि.सिंगरौली

## कार्यालय अधीक्षण अभियंता ( संचा0 / संधा0 ) वृत्त म0प्र0पू0क्षे0वि0वि0कं0 लिमि0, सिंगरौली

विद्युद् ब्रह्मोति

E-mail- sconmsingrauli@gmail.com Phone - 07805-350260

क्र0/अ0अभि0 /सं0सं0 / टेण्डर / क्रय / 3677 — सिंगरौली दिनांक 14.2.2026

### -: निविदा सूचना :-

संचा. / संधा. वृत्त सिंगरौली के अन्तर्गत Empanelment of contractors to Award of Contract for up-gradation/Renovation of existing 11 kV line 11/0.433kv distribution transformer LT line and 11 kV Addl Bay under different schemes in the O&M Circle Singrauli आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण निम्नानुसार है-

| Sr. No | Tender Specification No | Particular of work | Approx Value ( Rs. in Lakhs) | Tender Fee (in Rs) | Due date & time of opening of tender online |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | TS NO.SE/O&M/ SGRL /Pur/3662 Dtd. 13-02-2026 (e-Tender No. 2026_PKVVC _4826 75_1) | Empanelment of contractors to Award of Contract for up-gradation/Renovation of existing 11 kV line 11/0.433kv distribution transformer LT line and 11 kV Addl Bay under different schemes in the O&M Circle Singrauli | 1.46 Cr. | 5000+ GST | 05-03-2026 |

** SAVE TREES, SAVE PAPER, SAVE ELECTRICITY**

अधीक्षण अभियंता ( संचा./संधा. )
म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं.लि.सिंगरौली

## कार्यालय अधीक्षण अभियंता ( संचा0 / संधा0 ) वृत्त म0प्र0पू0क्षे0वि0वि0कं0 लिमि0, सिंगरौली

विद्युद् ब्रह्मोति

E-mail- sconmsingrauli@gmail.com Phone - 07805-350260

क्र0/अ0अभि0 /सं0सं0 / टेण्डर / क्रय / 3675 — सिंगरौली दिनांक 14.2.2026

### -: निविदा सूचना :-

संचा. / संधा. वृत्त सिंगरौली के अन्तर्गत Empanelment of contractors to Award of Contract for up-gradation/Renovation existing 33kV line, 33/11kV different capacity, Addl PTRs 33 KV Addl Bay and associated works under different schemes in the O&M Circle Singrauli. आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण निम्नानुसार है-

| Sr. No | Tender Specification No | Particular of work | Approx Value ( Rs. in Lakhs) | Tender Fee (in Rs) | Due date & time of opening of tender online |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | TS NO.SE/O&M/ SGRL /Pur/3663 Dtd. 13-02-2026 (e-Tender No. 2026_PKVVC _4826 76_1) | Empanelment of contractors to Award of Contract for up-gradation/Renovation existing 33kV line, 33/11kV different capacity, Addl PTRs 33 KV Addl Bay and associated works under different schemes in the O&M Circle Singrauli. | 1.51 Cr. | 5000+ GST | 05-03-2026 |

** SAVE TREES, SAVE PAPER, SAVE ELECTRICITY**

अधीक्षण अभियंता ( संचा./संधा. )
म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं.लि.सिंगरौली

## कार्यालय वन मण्डल अधिकारी, वन मण्डल सतना ( म .प्र . )

### अंतिम रूप से राजसात वाहनों के विक्रय हेतु सीलबंद लिफाफा में निविदा आमंत्रण करने हेतु निविदा सूचना

वनमण्डल सतना अंतर्गत अंतिमरूप से राजसात एवं अपलेखित शासकीय वाहन के विक्रय हेतु वाहन जहॉं है, जैसे है, की स्थिति के आधार पर विक्रय के लिये कार्यालय वन मण्डल अधिकारी सतना में खुली निविदा दिनांक 24.02.2026 को आमंत्रित की जा रही है। वाहनों का विवरण निम्नानुसार है ।

| क्र. | वाहन का प्रकार | वाहन क्रमांक | मॉडल वर्ष | इंजन नं0 | परिक्षेत्र जहाँ / वाहन खड़ा है | अपसेट प्राईस | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | होण्डा लिवो मोटरसाइकल | CHASSIS NO. MBLHAIOADB9F17 553 | NA | NA | चित्रकूट | 26240 | 3149 |
| 2 | ट्रैक्टर मय कल्टीवेटर | MP-35M/2929 | 2004 | BTM/ 35T/85/04 CHECHIS NO | सिहपुर | 68933 | 8272 |
| 3 | ट्रैक्टर मय ट्राली सोनालिका डी0आई0730 III | MP19 ZH1620 | 2004 | 3092F42G49045 | उचेहरा | 94800 | 11376 |
| 4 | आटो लोडर (टैम्पो) | MP-17-L/1790 | 2020 | BBXWLE 18803 | बरौधा | 106435 | 12773 |
| 5 | ट्रैक्टर मय ट्राली | MP 19 AB/4191 | 2011 | RAGW04655 | मझगवां | 168240 | 20189 |
| 6 | ट्रैक्टर मय कल्टीवेटर | MP 19-AC/5180 | 2019 | S337B 18090 | चित्रकूट | 199840 | 23981 |
| 7 | ट्रैक्टर मय ट्राली | UP-90-B/7931 | 2004 | 391331SFD02882 | | 253460 | 30416 |
| 8 | टाटा सुपर ए0सी0ई0 | MP17G/1195 | 2011 | 475IDT18 KYYSK5544 | मुकुन्दपुर | 64750 | 7770 |
| 9 | टाटा पिकअप वैन | MP-19-GA/0923 | 2009 | 497SP28PQZ 639441 | सिंहपुर | 64000 | 7680 |

निविदा शर्ते वनमण्डल कार्यालय सतना से कार्यालयीन समय में प्राप्त किये जा सकते है अथवा म0प्र0 वन विभाग के वेबसाइट https:/mpforest.gov.in/publicdomain/tender/dashboard.asp& से डाउनलोड किये जा सकते है ।

| निविदा | आमंत्रित खुली निविदा दिनांक | |
|---|---|---|
| | दिनांक | समय |
| खुली निविदा | 24.02.2026 | 12.00 pm बजे तक |

G-25794/25

( मयंक चांदीवाल )
भा.व.से. वन मण्डल अधिकारी,वनमण्डल सतना